GSTIN : 23AADCM5913E1ZV
CIN No. L24121RJ1997PLC029126
www.mbapl.com
accounts@mbapl.com

OGI
OSTWAL

**MADHYA BHARAT AGRO PRODUCTS LIMITED**

(An ISO 9001:2015 Certified Company)

Date: 03.08.2026

To,

National Stock Exchange of India Ltd.

Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E)
Mumbai – 400 051

Dear Sir / Madam

**Sub: Submission of Newspaper Cutting of Extra-Ordinary General Meeting (EGM) and Information on E-voting and other related information**

With reference to above captioned subject, please find enclosed newspaper advertisement published in following newspapers on August 03, 2026: Financial Express (English) and Business Remedies (Hindi Edition) intimating about the Notice of the Extra-Ordinary General Meeting, E-voting information to Shareholders of the Company to be held through Video Conferencing / Other Audio-Visual Means.

The same will also be available on the website of the Company: www.mbapl.com

This is for your information and record.

**For Madhya Bharat Agro Products Limited**

PALLAVI SUKHWAL
Digitally signed by PALLAVI SUKHWAL
Date: 2026.08.03 14:56:56 +05'30'

(Pallavi Sukhwal)
**Company Secretary**

# पीएम मोदी के नेतृत्व में हुए 9 एफटीए से पश्चिम बंगाल के चाय, मछलीपालन और हस्तशिल्प जैसे सेक्टर्स को होगा फायदा: पीयूष गोयल

**नई दिल्ली | एजेंसी**



केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए नौ अहम फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स (एफटीए) से पश्चिम बंगाल को काफी फायदा होगा। विकसित बाजारों तक बेहतर पहुंच से राज्य के निर्यात और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन एफटीए से चाय उत्पादकों, मछुआरों, पारंपरिक हस्तशिल्प से जुड़े कारीगरों के साथ-साथ राज्य के युवाओं और महिलाओं को अधिक मौके मिलेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए 9 अहम फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स से पश्चिम बंगाल को काफी फायदा होगा।'

गोयल ने आगे कहा, कि बाजार तक बेहतर पहुंच से चाय उत्पादकों, मछुआरों, पारंपरिक हस्तशिल्प से जुड़े कारीगरों और राज्य के युवाओं व महिलाओं को लाभ होगा। गोयल के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक बेहतर पहुंच से उत्पादन बढ़ाने, निर्यात का विस्तार करने और पश्चिम बंगाल में कई क्षेत्रों में टिकाऊ रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि व्यापार समझौतों से मिलने वाले लाभ राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ विकसित भारत के विजन को आगे बढ़ाने में योगदान देंगे।

केंद्रीय मंत्री ने बताता, इससे उत्पादन बढ़ेगा, निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और टिकाऊ रोजगार पैदा होंगे, जिससे विकसित भारत का विजन आगे बढ़ेगा। इसके अतिरिक्त, इस साल की शुरुआत में राज्य सरकार के एक सूत्र ने बताया कि कम से कम 42 उद्योगपतियों ने राज्य के वाणिज्य और उद्योग मंत्री तापस रॉय से संपर्क किया है और पश्चिम बंगाल में निवेश करने की इच्छा जताई है। अधिकारी के अनुसार, मंत्री ने उन्हें इस संबंध में सहयोग का भरोसा दिलाया है। सूत्र ने आगे कहा कि राज्य विधानसभा के मौजूदा बजट सत्र के दौरान औद्योगिक क्षेत्र में निवेश से जुड़ी कई घोषणाएं की जा सकती हैं। सत्ता में आने के बाद, सुवेंदु अधिकारी की सरकार ने कहा था कि राज्य के औद्योगिक क्षेत्र में विकास होगा और वे खुद इस मामले में दखल देंगे। पश्चिम बंगाल में भाजपा के पहली बार सत्ता में आने के बाद, केंद्र ने नीति आयोग से पश्चिम बंगाल के उद्योग व अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए एक दीर्घकालिक ब्लूप्रिंट तैयार करने को कहा था। नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिरी के नेतृत्व में यह काम पहले ही शुरू हो चुका है।।

# आईआईटी मंडी ने कैंपस यूनिफिकेशन रोड 'पंचवक्त्र मार्ग' का लोकार्पण किया

**मंडी|बिज़नेस रेमेडीज।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी ने अपने उत्तर एवं दक्षिण परिसरों को जोड़ने वाले बहुप्रतीक्षित कैंपस यूनिफिकेशन रोड का लोकार्पण किया। इस मार्ग का नाम 'पंचवक्त्र मार्ग' रखा गया है। आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने सड़क का उद्घाटन किया। आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा कि हमने इस मार्ग का नाम पंचवक्त्र मार्ग मंडी स्थित ऐतिहासिक पंचवक्त्र शिव मंदिर के नाम पर रखा है, जो इस क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के प्रति हमारे सम्मान का प्रतीक है।

# मिशन हरियालो राजस्थान में इस वर्ष लगाये जाएंगे 10 करोड़ पौधे : पटेल

**जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज**

संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य में जोधपुर जिले में मानसरोवर कॉलोनी पाल में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

पटेल ने कहा कि वन मानव जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का साझा दायित्व है। यदि हमें आने वाली पी?ियों को सुरक्षित भविष्य देना है तो वृक्षारोपण और वन संरक्षण को जन आंदोलन बनाना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से आमजन की पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी है। यह अभियान पर्यावरण के प्रति दायित्व निभाने के साथ-साथ माताओं के प्रति श्रद्धा और समर्पण की भावना का भी प्रतीक है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि इस मानसून सीजन में भी 10 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है।


## एल्फिन एग्रो इंडिया लिमिटेड

(पूर्व नाम एल्फिन एग्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड )

सीआईएनः L15132RJ2009PLC029463

पंजीकृत कार्यालयः एफ-250-253, रीको ग्रोथ सेंटर, स्वरूपगंज, हमीरगढ़, भीलवाड़ा, राजस्थान 311025, भारत, दूरभाषः 94133-59355,

ईमेलः cs@elfinagroindia.com, वेबसाइटः www.elfinagroindia.com

**सत्रहवीं वार्षिक आम बैठक और ई-वोटिंग संबंधित जानकारी**

1. एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ('एमसीए') द्वारा जारी (सामूहिक रूप से 'एमसीए परिपत्र' के रूप में संदर्भित) सर्कुलर संख्या 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020 और इस संबंध में बाद के सर्कुलर, सर्कुलर संख्या 09/2024 दिनांकित 19 सितंबर, 2024 और नवीनतम सामान्य सर्कुलर संख्या दिनांकित 22 सितंबर, 2025 का परिपत्र संख्या 03/2025 और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी दिनांक 12 मई, 2020 का परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79, साथ ही इस संबंध में बाद के परिपत्र और नवीनतम परिपत्र SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 दिनांक 03 अक्टूबर, 2024, साथ ही दिनांक 30 जनवरी, 2026 का एसईबीआई मास्टर परिपत्र H0/49/14/14(7)2025-CFD-POD2/I/3762/2026 (सामूहिक रूप से 'सेबी परिपत्र' के रूप में संदर्भित) के अनुपालन में एल्फिन एग्रो इंडिया लिमिटेड ('कंपनी') की 17वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, एक सामान्य स्थान पर वार्षिक आम सभा की सूचना में उल्लिखित विषय पर विचार विमर्श करने के लिए मंगलवार, 01 सितंबर, 2026 को दोपहर 01:00 बजे (आईएसडी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी') या अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों ('ओएवीएम') के माध्यम से के अनुसार आयोजित की जाएगी।
2. वार्षिक रिपोर्ट का प्रेषणः
उपरोक्त परिपत्रों के अनुपालन में, 17वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना और वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी के उन सभी सदस्यों को केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजी जाएगी, जिनका नाम शुक्रवार, 31 जुलाई, 2026 को सदस्य रजिस्टर में दर्ज है और जिन्होंने कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (टों)/आरटीए के साथ अपने ईमेल आईडी पंजीकृत किए हैं। 17वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियां सदस्यों को भेजने की आवश्यकता को एमसीए परिपत्रों और उपरोक्त उल्लिखित सेबी परिपत्रों द्वारा समाप्त कर दिया गया है।
इसके अलावा, सेबी लिस्टिंग विनियमों के विनियम 36(1)(बी) के अनुसार, जिन सदस्यों ने अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, उन्हें आरटीए/कंपनी/डिपॉजिटरी के रिकॉर्ड में पंजीकृत पते पर एक पत्र भेजा जाएगा जिसमें उन वेबसाइटों के सटीक वेब-लिंक होंगे जहां संपूर्ण वार्षिक रिपोर्ट से संबंधित विवरण उपलब्ध हैं।
वार्षिक आम सभा की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट भी यहां उपलब्ध हैं:
क. कंपनी की वेबसाइटः http://www.elfinagroindia.com/downloads/Annual-Report-2025-26.pdf
ख. स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटः बीएसई लिमिटेडः www.bseindia.com
ग. एनएसडीएल की वेबसाइटः www.evoting.nsdl.com
3. ईमेल पते पंजीकृत करने/अपडेट करने का तरीकाः
जिन सदस्यों के पास डीमैट/इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर हैं और जिन्होंने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स (डीपी)/कंपनी के साथ अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डीपी से संपर्क करें जहां उनके डीमैट खाते रखे जाते हैं।
4. ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का तरीका
I: सदस्य वार्षिक आम बैठक की सूचना में उल्लिखित कार्यसूची पर ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं।
II : जिन सदस्यों ने दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला है और वे वर्चुअल चैट/ओवीएएम के माध्यम से वार्षिक आम बैठक में उपस्थित हैं, वे वार्षिक आम बैठक में ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के पात्र होंगे।
III : जिन सदस्यों ने दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल दिया है, वे भी बैठक में उपस्थित हो सकते हैं, लेकिन उन्हें बैठक में दोबारा वोट डालने का अधिकार नहीं होगा। किसी प्रस्ताव पर सदस्य द्वारा वोट डालने के बाद, चाहे आंशिक रूप से या पूर्ण रूप से, सदस्य को बाद में इसे बदलने या दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी।
IV: वर्चुअल चैट/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल होनाः सदस्य कंपनी की 17वीं एजीएम में केवल वर्चुअल चैट/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ही शामिल हो सकते हैं और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अनुसार कोरम की गणना के लिए उनकी उपस्थिति गिनी जाएगी। 17वीं एजीएम में शामिल होने के निर्देश और 17वीं एजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग में भाग लेने का तरीका 17वीं एजीएम की सूचना में दिया जाएगा।
5. कोई भी व्यक्ति जो नोटिस जारी होने के बाद कंपनी के शेयर प्राप्त करता है और कंपनी का सदस्य बनता है तथा कट-ऑफ तिथि यानी मंगलवार, 25 अगस्त, 2026 तक शेयर रखता है, वह वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का नोटिस, वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट और वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में शामिल होने के लिए लॉगिन विवरण (ई-वोटिंग विवरण सहित, यूजर आईडी और पासवर्ड) प्राप्त कर सकता है। इसके लिए वह evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेज सकता है या सुश्री पल्लवी म्हात्रे, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरीज लिमिटेड (एनएसडीएल), 301, तीसरी मंजिल, नमन चैंबर्स, जी ब्लॉक, प्लॉट नंबर- सी-32, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा ईस्ट, मुंबई- 400051 से संपर्क कर सकता है या फोनः 022 - 4886 7000 पर कॉल कर सकता है। सदस्य कंपनी सचिव को कंपनी के ईमेल पते cs@elfinagroindia.com पर भी लिख सकते हैं।
6. सदस्यों से अनुरोध है कि वे वार्षिक आम बैठक की सूचना में दिए गए सभी नोट्स को ध्यानपूर्वक पढ़ें, विशेष रूप से वार्षिक आम बैठक में शामिल होने के निर्देशों और वार्षिक आम बैठक के दौरान दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने के तरीके को।

बोर्ड के आदेशानुसार
एल्फिन एग्रो इंडिया लिमिटेड की ओर से
कृते/-
खुशबू सेठी
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
एसीएसः 40048

दिनांकः 03 अगस्त, 2026
स्थानः भीलवाड़ा


# पीटीएएचए ने सदस्यता अभियान और राजस्थान चैप्टर के गठन की प्रक्रिया शुरू की

**जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज**





प्रोफेशनल ट्रैवल एजेंट्स एंड होटल्स एसोसिएशन (पीटीएएचए) ने राजस्थान में अपने संगठन के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्यव्यापी सदस्यता अभियान और राजस्थान चैप्टर के गठन की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य राजस्थान के ट्रैवल एजेंट्स, होटल व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स, डेस्टिनेशन मैनेजमेंट कंपनियों और पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग से जुड़े सभी हितधारकों को एक सशक्त एवं संगठित राष्ट्रीय मंच से जोड़ना है।

पीटीएएचए देशभर में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के पेशेवरों को नेटवर्किंग, व्यवसायिक अवसर, उद्योग सहयोग, ज्ञान साझा करने, कौशल विकास और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व प्रदान करने के उद्देश्य से कार्यरत एक उभरता हुआ राष्ट्रीय संगठन है। संगठन का लक्ष्य उद्योग के विभिन्न वर्गों के बीच समन्वय स्थापित कर पर्यटन क्षेत्र के सतत एवं समग्र विकास को बढ़ावा देना है। राजस्थान में इस सदस्यता अभियान और चैप्टर गठन की पहल का नेतृत्व संस्थापक सदस्यों बुधादेव ऋषि दीपक और अमन सोनी के द्वारा किया जाएगा। दोनों संस्थापक सदस्यों ने प्रदेशभर के पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र से जुड़े व्यवसायियों को संगठन से जोड़ने, राज्य में एक मजबूत सदस्य आधार तैयार करने और भविष्य में पीटीएएचए के आधिकारिक राजस्थान चैप्टर के गठन की दिशा में कार्य करेंगे। संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा है कि जयपुर और राजस्थान भारत के सबसे महत्वपूर्ण पर्यटन गंतव्यों में शामिल हैं और यहाँ पर्यटन उद्योग के विकास की अपार संभावनाएँ हैं।

पीटीएएचए का यह सदस्यता अभियान उद्योग के विभिन्न वर्गों के बीच सहयोग, पारदर्शिता और व्यावसायिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा। संगठन से जुड़ने वाले सदस्यों को राष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्किंग, व्यवसाय विस्तार, व्यापारिक आयोजनों में भागीदारी, पर्यटन प्रचार-प्रसार, उद्योग संबंधी कार्यक्रमों और विश्वसनीय व्यावसायिक समुदाय का लाभ प्राप्त होगा।

पीटीएएचए ने राजस्थान के सभी ट्रैवल एजेंट्स, होटल व्यवसायियों, रिसॉर्ट्स, होमस्टे संचालकों, टूर ऑपरेटर्स, ट्रांसपोर्टर्स एवं पर्यटन क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों से इस सदस्यता अभियान में सक्रिय रूप से जुड़ने और राज्य में एक सशक्त पर्यटन नेटवर्क के निर्माण में सहभागिता निभाने का आह्वान किया है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2026 सीजन के बीमांकन के संबंध में वित्तीय संस्थानों को सख्त निर्देश

**जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज**




राजस्थान में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत खरीफ 2026 एवं रबी 2026-27 सत्र की अधिसूचना जारी की जा चुकी है। योजना के प्रावधानों के अनुसार खरीफ 2026 के नामांकन शुरू होने पर वित्तीय संस्थानों का यह दायित्व है कि पात्र किसानों से संबंधित भूमि रिकॉर्ड, फसल का नाम, केसीसी आदि की समस्त जानकारी राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर सही-सही दर्ज की जाए। कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने इस संबंध में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के समन्वयक, अपेक्स बैंक के प्रबंध निदेशक, राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक, सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार तथा सीएससी के राज्य प्रमुख को पत्र जारी कर स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

पत्र में कहा गया है कि विगत वर्षों में प्रायः यह देखा गया है कि बीमाकर्ता वित्तीय संस्थान किसानों की भूमि एवं फसल संबंधी विवरण की जांच किए बिना ही फसल बीमा पॉलिसियां सृजित कर देते हैं। किसानों के वास्तविक विवरण और सृजित पॉलिसियों के विवरण में भिन्नता होने के कारण फसल बीमा के क्लेम विवादित हो जाते हैं तथा उनमें विलंब होता है। इससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को रोकने के लिए आयुक्त कृषि ने निर्देश दिए हैं कि भविष्य में पॉलिसी सृजन के समय किसानों के फसल बीमा संबंधी समस्त विवरण राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर सही रूप से दर्ज किए जाएं। किसानों द्वारा बोई गई फसल अथवा प्रस्तावित बोई जाने वाली फसल का सही विवरण ही पोर्टल पर इंद्राज किया जाए। यदि बीमित फसल और किसानों की वास्तविक बोई गई फसल में कोई भिन्नता पाई जाती है, तो इसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित वित्तीय संस्थान की होगी।

आयुक्त ने विशेष रूप से यह भी स्पष्ट किया है कि फसल बीमा पॉलिसी के लिए नामांकन संबंधित किसान की सहमति से ही किया जाए। किसान की जानकारी के बिना केवल केसीसी में अंकित फसल के आधार पर स्वयं के स्तर से फसल बीमा पॉलिसी सृजित करना किसानों के हित में नहीं है। कृषि आयुक्त ने सभी संबंधित वित्तीय संस्थानों से कहा कि वे योजना के प्रावधानों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें, ताकि किसानों को समय पर और सही फसल बीमा सुरक्षा मिल सके तथा क्लेम संबंधी विवादों से बचा जा सके।

# संस्थागत साझेदारियों से हथकरघा क्षेत्र होगा मजबूत, बुनकर होंगे सशक्त : डॉ. बीना

**नई दिल्ली | एजेंसी**

आईआईटी और निफ्ट जैसे प्रमुख संस्थानों की साझेदारी के माध्यम से ऐसे तकनीकी समाधान विकसित किए जा सकते हैं, जो बुनकरों की मेहनत को कम करें, पारंपरिक बुनाई प्रक्रियाओं में वैज्ञानिक सटीकता का समावेश करें और उनके आजीविका स्तर को बेहतर बनाने में मदद करें। यह बात रविवार को वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त (हथकरघा) डॉ. एम. बीना ने कही।

डॉ. एम. बीना ने आईआईटी दिल्ली के फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (एफआईटीटी) में आयोजित 'हैंडलूम हैकाथॉन 2.0' को संबोधित करते हुए भारत की समृद्ध हथकरघा विरासत और आधुनिक तकनीक के बीच पूरक संबंधों के बारे में विस्तार से बताया। कपड़ा मंत्रालय के सहयोग से आयोजित इस हैकाथॉन में 2,500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। देशभर से चुनी गई शीर्ष 100 टीमों के 280 प्रतिभागियों ने भारत के हथकरघा क्षेत्र के लिए प्रौद्योगिकी आधारित समाधान विकसित करने में भागीदारी की। डॉ. बीना ने कहा, हथकरघा हमारी समृद्ध विरासत का प्रतीक है, जबकि प्रौद्योगिकी भविष्य का प्रतिनिधित्व करती है। हैंडलूम हैकाथॉन के माध्यम से हम इन दोनों क्षेत्रों को जोड़कर बुनकर समुदाय के उत्थान का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हथकरघा स्वाभाविक रूप से टिकाऊ विकास और परिपत्र अर्थव्यवस्था (सर्कुलैरिटी) को बढ़ावा देता है। साथ ही उन्होंने करघा संचालन, डिजाइन विकास और आधुनिक विपणन के क्षेत्रों में नवाचार की आवश्यकता पर जोर दिया।

आईआईटी दिल्ली के टेक्सटाइल एवं फाइबर इंजीनियरिंग विभाग की प्रमुख डॉ. दीप्ति गुप्ता ने कहा कि आईआईटी दिल्ली में स्थापित होने वाला 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर हथकरघा टेक्नोलॉजी' हथकरघा और तकनीक के एकीकरण को और मजबूत करेगा। इससे हस्तनिर्मित वस्त्रों की विशिष्टता को बनाए रखते हुए अधिक मानकीकरण और उत्पादकता सुनिश्चित की जा सकेगी। यह केंद्र वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से अगले सप्ताह उद्घाटित किए जाने का प्रस्ताव है।


## मध्यभारत एग्रो प्रोडक्टस लिमिटेड

सीआईएनः L24121RJ1997PLC029126

पंजीकृत कार्यालय विंग ए/1, 1st फ्लोर, ओस्तवाल हाइट्स, अर्बन फारेस्ट, आटून, भीलवाड़ा,311802,राजस्थान, फोन न.- 01482-294582

ई-मेलः secretarial@mbapl.com, वेबसाइटः www.mbapl.com

**01/2026-27 असाधारण आम बैठक एवं ई-वोटिंग की सूचना**

एतदद्वारा सूचित किया जाता हैं कि मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सदस्यों की असाधारण आम बैठक ('ईजीएम') शुक्रवार, 28 अगस्त 2026 को सुबह 11:00 बजे (IST) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी')/ अन्य ऑडियो वीडियो साधन ('ओएवीएम') के माध्यम से भौतिक कोरम की उपस्थिति के बिना आयोजित की जाएगी। जिसमे ईजीएम के नोटिस में निर्धारित व्यवसाय को सम्पादित किया जायेगा। बैठक का मान्य स्थान कंपनी का पंजीकृत कार्यालय होगा।

परिपत्रों के अनुपालन में, ईजीएम के नोटिस की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां उन सभी सदस्यों को भेज दी गई हैं जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीपी) के साथ पंजीकृत हैं। ये दस्तावेज़ कंपनी की वेबसाइट www.mbapl.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड ('NSE') की वेबसाइट www.nseindia.com पर भी उपलब्ध हैं। ईमेल के माध्यम से ईजीएम की सूचना का प्रेषण 01 अगस्त, 2026 को पूरा कर लिया गया है।

ईजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंगः

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 44 के अनुपालन में, सदस्यों को दूरस्थ ई- मतदान के लिए नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा प्रदान की गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली का उपयोग करके ईजीएम के नोटिस में दिए गए प्रस्ताव पर अपना वोट डालने की सुविधा प्रदान की जा रही है।

ईजीएम के दौरान मतदान की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी और वे सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से प्रस्ताव पर अपना वोट नहीं डाला है और अन्यथा ऐसा करने से वर्जित नहीं हैं, वे ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से ईजीएम में मतदान करने के पात्र होंगे। व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए बेनिफिशियल ओनर के रजिस्टर में, कट-ऑफ तिथि, 21 अगस्त, 2026 को दर्ज है, केवल वही व्यक्ति रिमोट ई-वोटिंग व असाधारण आम बैठक में मतदान की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा।

ई-वोटिंग की अवधि सोमवार, 24 अगस्त, 2026 (9.00 बजे IST) से शुरू होगी और गुरुवार, 27 अगस्त, 2026 (5.00 बजे IST) को समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। इसके बाद NSDL द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

सदस्यों को नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड द्वारा उपलब्ध कराए गए इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म के माध्यम से ईजीएम में भाग लेने की सुविधा प्रदान की जाती है। सदस्य रिमोट ई-वोटिंग क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके www.evoting.nsdl.com पर वीसी के माध्यम से ईजीएम में भाग ले सकते हैं। ईजीएम का लिंक सदस्य के लॉगिन में उपलब्ध होगा जहां 'इवेंट' और 'कंपनी का नाम' चुना जा सकता है। ईजीएम की तारीख से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा वोट डालने वाले सदस्य भी ए ईजीएम में शामिल हो सकते हैं लेकिन फिर से वोट डालने के हकदार नहीं होंगे। रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग और वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में भाग लेने की विस्तृत प्रक्रिया ईजीएम के नोटिस में प्रदान की गई है। कोई भी व्यक्ति जो ईजीएम का नोटिस भेजने के बाद लेकिन कट-ऑफ तारीख यानी 21 अगस्त, 2026 से पहले कंपनी का शेयरधारक बन जाता है, वह evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यदि व्यक्ति रिमोट ई-वोटिंग के लिए पहले से ही NSDL के साथ पंजीकृत है तो वोट डालने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकता है।

निदेशक मंडल ने ई-वोटिंग प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए मैसर्स सौरभ बापना एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी के श्री सौरभ बापना को स्क्रूटिनीज़र नियुक्त किया है।

किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य www.evoting.nsdl.com की उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं। ई-वोटिंग से संबंधित किसी भी शिकायत/प्रश्न के लिए, सदस्यों से अनुरोध है कि वे सुश्री पल्लवी सुखवाल, कंपनी सचिव, मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड से विंग ए/1, प्रथम तल, ओस्टवाल हाइट्स, शहरी वन, आटून, भीलवाड़ा -311802, ईमेलः Secretarial@mbapl.com, फोनः01482-237104 पर संपर्क करें।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
मध्यभारत एग्रो प्रोडक्टस लिमिटेड
हस्ताक्षरित/-
(पल्लवी सुखवाल)
कम्पनी सचिव

स्थान- भीलवाडा
तिथि- 01/08/2026


# क्रिसिल ने कायम रखी ईएसएल स्टील की एए रेटिंग, स्टील कारोबार के विस्तार की वेदांता ग्रुप की रणनीति को मिला समर्थन

**नई दिल्ली | बिज़नेस रेमेडीज**

क्रिसिल रेटिंग्स ने ईएसएल स्टील लिमिटेड की दीर्घकालिक रेटिंग को क्रिसिल एए/स्टेबल पर बरकरार रखा है और कंपनी को 'रेटिंग वाच विद डेवलपिंग इम्प्लिकेशंस' (निगरानी श्रेणी) से हटा दिया है। यह फैसला वेदांता ग्रुप के स्टील कारोबार की रणनीतिक दिशा में क्रिसिल के भरोसे को दिखाता है, क्योंकि कंपनी ग्रुप की कुल आय की सबसे बड़ी योगदानकर्ता बनने की दिशा में बढ़ रही है। एजेंसी ने कहा कि ईएसएल 'वेदांता आयरन एंड स्टील (NSE: VISL) की वैल्यू चेन और दीर्घकालिक कारोबारी रणनीति का अभिन्न हिस्सा है।'

वेदांता ग्रुप के ऐतिहासिक डीमर्जर (विभाजन) के सफलतापूर्वक पूरा होने के क्रिसिल द्वारा किए गए व्यापक मूल्यांकन के तहत यह फैसला किया गया है। समीक्षा के दौरान क्रिसिल ने वेदांता लिमिटेड (NSE: VEDL), वेदांता एल्युमीनियम (NSE: VAML) और वेदांता ऑयल एंड गैस (NSE: VOGL) की रेटिंग में सुधार किया है। साथ ही वेदांता पावर (NSE: VEDPOWER) की गारंटीड फैसिलिटीज की रेटिंग को एए+ (सीई) कर दिया है।

**वेदांता के विकास के अगले चरण में स्टील कारोबार की भूमिका :** क्रिसिल ने अपनी रेटिंग के आधार में स्पष्ट कहा है कि ईएसएल वेदांता ग्रुप के लिए रणनीतिक रूप से गहुत महत्वपूर्ण कंपनी है। क्रिसिल ने अनुमान जताया है कि मध्यम अवधि में यह कंपनी वेदांता आयरन एंड स्टील की आय में सबसे बड़ी योगदानकर्ता के रूप में उभरकर सामने आएगी। क्रिसिल का यह भरोसा मूल कंपनी वेदांता आयरन एंड स्टील लिमिटेड की तरफ से लगातार मिल रहे मजबूत ऑपरेशनल, प्रबंधन एवं फाइनेंशियल सपोर्ट पर आधारित है। इसमें ईएसएल के दीर्घकालिक ऋण (लॉन्ग-टर्म डेट) पर बिना शर्त एवं अपरिवर्तनीय (अनकंडीशनल एवं इररेवोकेबल) कॉरपोरेट गारंटी भी शामिल है।

**रिकवरी की रफ्तार हुई तेज :** पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में ईएसएल के परिचालन में उल्लेखनीय स्थिरता एवं सुधार देखने को मिला। प्रबंधन का मानना है कि विस्तार योजनाओं के जारी रहने के बावजूद यह बेहतर प्रदर्शन आगे भी कायम रहेगा। क्रिसिल ने अपनी लिक्विडिटी एसेसमेंट (तरलता आकलन) में भी कंपनी की मजबूत वित्तीय स्थिति का उल्लेख किया है। इसके अनुसारकंपनी का कैश एवं इक्विवेलेंट सालभर पहले के 245 करोड़ रुपये से करीब 90 प्रतिशत बढ़कर 464 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी की इस वित्तीयस्थिति को मूल कंपनी वेदांता आयरन एंड स्टील की वित्तीय मजबूती का भी सपोर्ट है।

**ज्यादा मजबूत और फोकस्ड ग्रुप का हिस्सा :** ईएसएल की रेटिंग की पुष्टि डीमर्जर (विभाजन) के बाद वेदांता की क्रेडिट स्ट्रेंथ (मजबूत होती वित्तीय स्थिति) की बड़ी तस्वीर को दिखाने वाली है। ग्रुप के लेवल पर क्रिसिल ने कहा कि नेट-डेट-टु-एबिटडा वित्त वर्ष 2025-26 में सुधरकर दोगुना रह गया, जो सालभर पहले 2.55 गुना था। क्रिसिल का अनुमान है कि इस अनुपात में आगे भी सुधार जारी रहेगा, जिससे ईएसएल की विकास योजनाओं को मजबूत वित्तीय आधार मिलेगा। क्रिसिल ने वेदांता ग्रुप की समग्र मजबूती पर जोर देते हुए कहा- 'वेदांता ग्रुप के पास जिंक, सिल्वर, लेड, एल्युमीनियम, कॉपर एवं निकेल जैसी धातुओं का विविधीकृत पोर्टफोलियो है। इसके अलावा, बड़े पैमाने पर परिचालन, विभिन्न कारोबारी सेगमेंट में मजबूत बाजार हिस्सेदारी (मार्केट शेयर) और कॉस्ट-एफिशिएंट ऑपरेशंस (लागत-कुशल संचालन)समूह की परिचालन क्षमता को और मजबूत बनाते हैं।'

